हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शुक्रवार 1 मई 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट


तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री


12 महिला आरक्षण के मुद्दे पर विशेष बैठक के औचित्य ...



13 कार्य में लापरवाही पर भिलाई निगम के ठेकेदारों ...




# आज से गांव-गांव और वार्ड-वार्ड पहुंचेगा प्रशासन, सुशासन तिहार 2026 की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में आज से सुशासन तिहार 2026 की शुरुआत हो रही है। शासन आपके द्वार" अभियान के तहत अब प्रशासन गांव-गांव और शहरों के वार्डों में पहुंचकर आम लोगों की समस्याओं का समाधान करेगा। इसके लिए जिलेभर में तय तिथियों और स्थानों पर समाधान शिविर लगाए जाएंगे, जहां नागरिक अपनी शिकायतें और मांगें सीधे अधिकारियों के सामने रख सकेंगे। अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ नगरीय निकायों के वार्डों में भी शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे, जो प्राप्त आवेदनों का यथासंभव मौके पर ही निराकरण करेंगे। इससे लोगों को दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और समय पर राहत मिल सकेगी।

कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शिविरों में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए और समस्याओं का त्वरित एवं संतोषजनक समाधान किया जाए। साथ ही पात्र हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ भी मौके पर ही प्रदान किया जाएगा। बहरहाल जिले में मई और जून माह के दौरान लगातार समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिससे हर वर्ग के लोगों को इसका लाभ मिल सके।

## "शासन आपके द्वार" अभियान के तहत समाधान शिविरों में मौके पर होगा समस्याओं का निराकरण

### सुशासन तिहार व जनगणना पर कलेक्टर की प्रेस वार्ता



**बेमेतरा।** कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने कलेक्टरेट में आयोजित प्रेस वार्ता में सुशासन तिहार 2026 और जनगणना 2027 की तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुशासन तिहार के तहत 1 मई से 10 जून तक जिले में 38 जनसमस्या निवारण शिविर लगाए जाएंगे, जिनमें नागरिकों की समस्याओं का एक माह के भीतर निराकरण किया जाएगा। जनगणना 2027 का प्रथम चरण 1 से 30 मई 2026 तक चलेगा, जिसमें मकान सूचीकरण का कार्य किया जाएगा। इसके लिए 1495 प्रगणक और 263 पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं। इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से की जाएगी। कलेक्टर ने नागरिकों से अपील की कि वे शिविरों में आवेदन दें और जनगणना के दौरान सही जानकारी उपलब्ध कराकर प्रशासन का सहयोग करें।

### ग्रामीण क्षेत्रों में 23 समाधान शिविर

जिले के चारों विकासखंडोंबेमेतरा, बेरला, नवागढ़ और साजा में कुल 23 समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। मई और जून माह में आयोजित होने वाले इन शिविरों में गांव-गांव तक प्रशासन की सीधी पहुंच सुनिश्चित की जाएगी। नगर पालिका और नगर पंचायत क्षेत्रों में भी 15 समाधान शिविर लगाए जाएंगे। वार्ड स्तर पर आयोजित इन शिविरों में शहरी नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा और योजनाओं का लाभ मौके पर ही प्रदान किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आज

**बेमेतरा।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग, बेमेतरा द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का शुभारंभ 1 मई को प्रातः 7:30 बजे पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय शिवलाल राठी विद्यालय में किया जाएगा। जिले के विभिन्न खेल मैदानों में आयोजित इस शिविर का उद्देश्य अधिक से अधिक खिलाड़ियों को सुविधाजनक स्थानों पर प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है। इस 21 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में क्रिकेट, कराते, गतका, नेटबॉल, खो-खो, बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस जैसे खेलों का प्रशिक्षण अनुभवी व्यायाम शिक्षकों एवं प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में दिया जाएगा। क्रिकेट, कराते और टेबल टेनिस का प्रशिक्षण सेजेस राठी विद्यालय में, बैडमिंटन, गतका और नेटबॉल का स्वामी विवेकानंद स्टेडियम में, जबकि कराते का प्रशिक्षण कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बेमेतरा, साजा एवं कृषि उपज मंडी मैदान में आयोजित होगा। इस आयोजन में विभिन्न खेल संघों के खिलाड़ियों एवं कोचों का सराहनीय सहयोग मिल रहा है। वहीं जिला खेल अधिकारी सुश्री पिंकी मनहर ने बताया कि इस शिविर से शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे भी लाभान्वित होंगे। जिले के ग्रामीण खेल अभ्यास केंद्रों में भी शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिससे ग्रामीण प्रतिभाओं को भी आगे बढ़ने का अवसर मिल सकेगा।

### सामान चोरी करने वाले पुलिस की गिरफ्त में

**भिलाई।** बिल्डिंग मटेरियल के सामान को चोरी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उतई पुलिस ने बताया कि नेवई भाटा निवासी ओम प्रकाश तारम, रोहित यादव ने निर्माणाधीन मकान से 10 बोरी सीमेंट, 3 बंडल लोहे की राड व 1 बोरी केबल वायर चोरी को अंजाम दिया था। आरोपियों के निशानदेही पर सामान जब्त किया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दोनों आरोपी युवकों को पकड़ है। कार्रवाई में उतई थाना प्रभारी महेश ध्रुव समेत टीम का योगदान रहा है।

### हत्या और लूट मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** हत्या और लूट का फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जेवरा सिरसा पुलिस ने बताया कि आरोपी योगेंद्र निषाद उर्फ बाठु को पुलिस ने पकड़ा है। आरोपी ने पुलिस को बताया कि मृतक नारायण उर्फ रामनारायण के जेब से 2400 रुपये निकालने पर मृतक द्वारा विरोध किए जाने पर विवाद के बाद हत्या करना स्वीकार किया। नाबालिग दोस्त द्वारा हाथ-मुक्के से मारपीट कर उसे घसीटकर दुर्गा मंच के पास ले जाकर पत्थर से चेहरे,सिर पर हमला कर मौत के घाट उतारा गया। कार्रवाई में चौकी प्रभारी खगेंद्र पठारे समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

## लापरवाही : सेन्दरी में बिना टंकी खड़ा ढांचा बना जल जीवन मिशन पर सवाल

# 51 लाख खर्च फिर भी पानी नहीं, 2021-22 में 9 महीने में पूरा होना था काम, अब तक अधूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के दावे भले ही कागजों में चमकते नजर आते हों, लेकिन जमीनी हकीकत कई बार इन दावों की पोल खोल देती है। ऐसा ही मामला बेमेतरा जनपद के ग्राम पंचायत सेमरिया (सेन्दरी) में सामने आया है, जहां 51.66 लाख रुपये की लागत से बन रही जल जीवन मिशन योजना अधूरी हालत में खड़ी है। गांव में पानी टंकी के नाम पर केवल कंक्रीट का ढांचा खड़ा कर दिया गया है, जिसमें पानी संग्रहण की कोई व्यवस्था ही नहीं है। हालात यह हैं कि ग्रामीण अब इस अधूरे ढांचे को 'सेल्फी पॉइंट' और 'हवाई हेलीपैड' कहकर अपनी नाराजगी जता रहे हैं।

भंडारण के बिना खड़ा ढांचा, जिम्मेदारों पर सवाल मौके पर देखने से साफ होता है कि निर्माण एजेंसी ने कॉलम, बीम और स्लैब का काम तो पूरा कर लिया है, लेकिन टंकी की मुख्य संरचना—यानी पानी संग्रहण के लिए जरूरी दीवारें (वर्टिकल वॉल)—बनाई ही नहीं गई हैं। बिना टंकी के यह ढांचा किसी अधूरे निर्माण का प्रतीक बनकर खड़ा है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से काम बंद पड़ा है और निर्माण स्थल पर कोई गतिविधि नजर नहीं आती, जिससे यह आशंका और गहरा रही है कि योजना को अधर में छोड़ दिया गया है।

### तकनीकी बदलाव का हवाला, पर सवाल कायम

इस पूरे मामले में जब लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग से जानकारी ली गई, तो अधिकारियों ने इसे अधूरा निर्माण मानने से इनकार किया। विभाग का कहना है कि योजना में तकनीकी बदलाव किया गया है। अब यहां पारंपरिक सीसी टंकी के स्थान पर 'जिंक-एल्युमिनियम एलॉय' से बनी रेडीमेड टंकी स्थापित की जानी है, जिसे पहले से तैयार स्लैब के ऊपर फिट किया जाएगा। हालांकि, इस दलील के बावजूद बड़ा सवाल यह उठता है कि यदि तकनीक में बदलाव किया गया था, तो निर्माण कार्य वर्षों तक क्यों रुका रहा और अब तक टंकी स्थापित क्यों नहीं की गई?




### ग्रामीणों में आक्रोश, पानी के लिए तरस रहे लोग

सेन्दरी गांव के ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें आज भी नियमित पेयजल सुविधा नहीं मिल पा रही है। गर्मी के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जब पानी के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। ऐसे में करोड़ों की योजनाओं के दावों के बीच बुनियादी जरूरत पूरी न होना ग्रामीणों के लिए बड़ी परेशानी बना हुआ है।

### 9 महीने की समयसीमा सालों से अधूरा काम

जानकारी के अनुसार, इस योजना का कार्यादेश वर्ष 2021-22 में जारी किया गया था, जिसमें स्पष्ट रूप से 9 माह के भीतर कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया था। लेकिन स्वीकृति के कई वर्ष बीत जाने के बावजूद योजना अधूरी है। इससे न केवल शासन की मंशा पर सवाल उठ रहे हैं, बल्कि विभागीय कार्यप्रणाली और निगरानी तंत्र की भी पोल खुल रही है।

### जिम्मेदारों की चुप्पी कार्रवाई का इंतजार

जब इस देरी और अधूरे निर्माण को लेकर संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगा गया, तो उन्होंने स्पष्ट प्रतिक्रिया देने से परहेज किया। इधर, ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। फिलहाल, सेन्दरी में खड़ा यह अधूरा ढांचा विकास के दावों पर सवाल खड़ा करता नजर आ रहा है। अब देखना यह है कि जिला प्रशासन और संबंधित विभाग इस मामले में कब संज्ञान लेकर इसे पूरा कराते हैं और ग्रामीणों को राहत मिलती है।

## परपोड़ी में मानवता शर्मसार

# 7 साल की मासूम से दुष्कर्म का प्रयास, ग्रामीणों में भारी आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

बेमेतरा जिले के परपोड़ी थाना क्षेत्र के एक गांव में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। यहां एक 40 वर्षीय व्यक्ति ने 7 साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में तनाव की स्थिति है और ग्रामीणों में पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर भारी नाराजगी देखी जा रही है।

**आम खिलाने के बहाने ले गया आरोपी :** जानकारी के अनुसार घटना बुधवार शाम की है। आरोपी रेखराम 40 वर्ष ने घर के पास खेल रही मासूम को आम खिलाने का लालच दिया और उसे अपने साथ सुनसान जगह पर ले गया। वहां आरोपी ने बच्ची के साथ गलत हरकत शुरू कर दी। किसी तरह मासूम आरोपी के चंगुल से छूटकर घर भागी और रोते हुए अपनी मां को आपबीती सुनाई।

**पुलिस की सुस्ती पर उठे सवाल:** मामले में पुलिस की संवेदनशीलता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि घटना के तुरंत बाद बुधवार शाम को ही परिजन बच्ची को लेकर थाने पहुंचे थे, लेकिन पुलिस ने महिला स्टाफ नहीं होने का हवाला देते हुए बच्ची का मुलायजा नहीं कराया। घटना के



करीब 24 घंटे बीत जाने के बाद गुरुवार को पुलिस बच्ची को साजा अस्पताल लेकर पहुंची। जिला मुख्यालय से महिला पुलिस अधिकारी के पहुंचने के बाद पीड़िता का बयान दर्ज किया गया।

### आरोपी हिरासत में ग्रामीणों में गुस्सा

परपोड़ी पुलिस ने आरोपी रेखराम को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि मासूम बच्चों के खिलाफ बढ़ रहे अपराधों और पुलिस की देरी से की गई कार्रवाई प्रशासन पर गंभीर सवाल खड़े करती है। ग्रामीणों ने आरोपी के खिलाफ सख्त से सख्त सजा की मांग की है। फिलहाल, पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### हां, मामला दर्ज कर लिया गया है

हां, जांच और बयान के लिए बेमेतरा से महिला पुलिस अधिकारी को बुलाया गया था।मामला दर्ज कर लिया गया है।

**- विनय कुमार साहू,** एसडीओपी, बेरला

# 10वीं राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप में जिलों का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

10वीं छत्तीसगढ़ स्टेट सब-जूनियर, कैडेट एवं जूनियर कराटे चैंपियनशिप 2026 में जिले के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए बेमेतरा का नाम रोशन किया।

यह प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ कराटे-डू एसोसिएशन के तत्वावधान में तथा जिला कराटे-डू संघ, दुर्ग की मेजबानी में 27 से 29 अप्रैल तक महिला महाविद्यालय भिलाई में आयोजित हुई, जिसमें प्रदेश भर से लगभग 400 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। बेमेतरा जिला कराटे संघ के 9 खिलाड़ियों रोशनी साहू, जान्हवी साहू, डुमेश्वरी, हीना मधुकर, नव्या



मार्कण्डे, चित्रांश पाटिल, अर्जुन यादव, अमितेश यादव और कान्हा साहू ने विभिन्न आयु वर्गों में उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन और आत्मविश्वास का परिचय दिया। प्रतियोगिता में डुमेश्वरी (कस्तूरबा विद्यालय) और अर्जुन यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया, जबकि रोशनी साहू ने कांस्य पदक जीतकर जिले को गौरवान्वित किया। अन्य खिलाड़ियों ने भी कड़ा संघर्ष किया और अपनी खेल भावना से सभी का ध्यान आकर्षित किया। इस उपलब्धि से जिले में खुशी का माहौल है। बेमेतरा जिला कराटे संघ के सचिव एवं मुख्य प्रशिक्षक अजय वर्मा, दीपांकर मिर्झा और विकल्प शर्मा ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# डीआईजी रामकृष्ण साहू ने ली समीक्षा बैठक ऑपरेशन मुस्कान और तलाश पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पुलिस उप महानिरीक्षक रामकृष्ण साहू ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जिले के राजपत्रित अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर गुम, अपहृत एवं लापता व्यक्तियों की खोज में तेजी लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने "ऑपरेशन मुस्कान" और "ऑपरेशन तलाश" के तहत संवेदनशीलता के साथ कार्य करने पर विशेष जोर दिया। बैठक में डीआईजी साहू ने कहा कि ये दोनों राज्यव्यापी अभियान हैं, जिनका उद्देश्य गुमशुदा, अपहृत बच्चों तथा लापता महिला-पुरुषों को खोजकर सुरक्षित उनके परिवारों से मिलाना है। उन्होंने थाना एवं चौकी प्रभारियों को लंबित मामलों में तत्परता से कार्रवाई करते हुए शीघ्र बरामदगी सुनिश्चित करने और नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ऐसे मामलों में पुलिस को संवेदनशीलता के साथ काम करना चाहिए, ताकि पीड़ितों और उनके परिजनों को त्वरित राहत मिल सके।



### अप्रैल में विशेष अभियान का असर

जिले में थाना स्तर पर विशेष टीम गठित कर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अप्रैल माह में 19 गुम/अपहृत बालक-बालिकाओं और 42 लापता महिला-पुरुषों को दस्तयाब कर उनके परिजनों से मिलाया गया। इन सभी को राज्य एवं अन्य राज्यों से सुरक्षित बरामद किया गया। पुलिस द्वारा सभी बरामद लोगों को सकुशल उनके परिवारों को सौंपा गया, जिससे परिवारों के चेहरों पर फिर से खुशी लौट आई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश कुमार यादव, डीएसपी (मुख्यालय) राजेश कुमार झा, डीएसपी कौशिल्या साहू, डीएसपी शशिकला उईके सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## तहसील स्तर पर स्वामी आत्मानंद का परीक्षाफल उत्कृष्ट रहा

# कक्षा 10 वीं में लक्ष्य तो 12वीं में जितेन्द्र ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया

छत्तीसगढ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित बोर्ड परीक्षा कक्षा 10 वी व 12 वी के परीक्षा परिणाम मे पूरे थान खम्हरिया तहसील मे स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कुल के बच्चो का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है स्कुल का परीक्षाफल शत प्रथिशत रहा कक्षा 10 वी मे लक्ष्य सिह राजपूत ने 95.1% अंक लेकर तहसील स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि कन्या शाला के कु.पूनम सिन्हा व सरस्वति शिशु मंदिर के कु.करूणा पाटिल द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

इसी प्रकार कक्षा 12 वी मे सरस्वती शिशु मंदिर के जितेन्द्र रजक 91% अंक लेकर प्रथम व स्वामी आत्मानंद स्कुल के कु.सोनल देवांगन 88.6% अंक के साथ द्वितीय स्थान



प्राप्त किया।घोषित परीक्षा परिणाम मे स्वामी आत्मानंद स्कुल के परिणाम शत प्रतिशत,सरस्वती शिशू मंदिर के कक्षा 10 मे 89.65 % कक्षा 12 का 88.46%,भारतमाता शासकीय कन्या उच्तर माध्यमिक शाला का परिणाम कक्षा 10 वी 45%,कक्षा 12 वी 74%रहा है, कु.डाली सिन्हा,पलक सेन,माही साहू,भावना निषाद व गोपती साहू जैसो की भी परीक्षाफल सराहनीय रहा।

### बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा दी जा रही

इधर बालक शासकीय ऊच्चतर माध्यमिक शाला का इस वर्ष का परिणाम काफी निराशाजनक रहा है। स्थानीय स्कूलो के भी परीक्षा परीणाम घोषित कर दिये गये जिसमे भी स्वामी आत्मानंद स्कूल व शासकीय कन्या शाला का परीक्षाफल संतोषजनक रहा।समूचे तहसील क्षेत्र मे इस वर्ष भी लडको के अपेक्षा लडकियो ने बाजी मारी है। कक्षा 12 में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले लक्ष्य सिह राजपूत को प्राचार्य मनीष चौबे ने मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

प्राचार्य चौबे ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कुल के शत प्रतिशत परीक्षा परीणाम पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि शाला के शिक्षक-शिक्षिकाओ की मेहनत के साथ ही बच्चों की लगन व आत्मविश्वास के बदौलत की आज सुखद परीक्षा परिणाम मिला है। उन्होने कहा कि स्कूल में संसाधनों के आभाव मे भी बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा दी जा रही है आने वाले समय और भी बैहतर परिणाम देखने को मिलेगा।




## खबर संक्षेप

### अवैध गांजा समेत दो पुलिस की गिरफ्त में



**भिलाई।** अवैध रूप से गांजा बेचने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना ओम शांति पारा, पुरैना निवासी अर्जुन चौहान, ईश्वर चौहान को पकड़ा गया। आरोपियों के पास से 4.970 किलो ग्राम गांजा जब्त किया गया। जिसकी कीमत 2.49 लाख 70 रुपये आंका गया है। पुरैना नर्सरी डेम के पास गांजा रखकर बेजने की जानकारी मिली थी। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। दुर्ग पुलिस आमजन से अपील करती है कि मादक पदार्थों के अवैध कारोबार की सूचना तत्काल पुलिस को दें। जिससे उनके खिलाफ शिकंजा कसा जा सके।

### अवैध शराब के साथ गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध शराब बेचने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि स्वीपर मोहल्ला, भिलाई निवासी एस योगेश होंडा शोरूम खंडहर के पास रायपुर रोड पावर हाउस में शराब बेचने की जानकारी मिली थी। पेट्रोलिंग की टीम ने दबिश देकर आरोपी को पकड़ा। उसके पास से 1. 30 नग पौवा शोले देशी मसाला शराब 3000 रुपये का जब्त किया।

### गार्डन के बोरवेल पर निजी कब्जे का विरोध

**भिलाई।** वैशाली नगर विधानसभा अंतर्गत वार्ड 29 अर्जुन नगर में सरकारी संसाधन के कथित दुरुपयोग का मामला सामने आया है। आम आदमी पार्टी के नेतृत्व में स्थानीय निवासियों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अर्जुन नगर गार्डन स्थित बोरवेल पर कुछ लोगों द्वारा किए गए निजी कब्जे की शिकायत की है। मोहल्ला वासियों के अनुसार यह बोरवेल सार्वजनिक उपयोग के लिए स्थापित किया गया था, लेकिन वर्तमान में कुछ प्रभावशाली लोग इसका इस्तेमाल निजी जरूरतों के लिए कर रहे हैं। इसके चलते क्षेत्र के अन्य लोगों को भीषण गर्मी में पानी की कमी का सामना करना पड़ रहा है। शिकायतकर्ता बलविंदर सिंह और अन्य निवासियों ने बताया कि यदि बोरवेल का समुचित प्रबंधन किया जाए, तो पूरे वार्ड में पानी की समस्या काफी हद तक दूर हो सकती है।

### छत्तीसगढ़ आईटीआई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ आईटीआई कर्मचारी अधिकारी संघ द्वारा संभाग अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष का निर्वाचन आईटीआई भिलाई में संपन्न हुआ। निर्वाचन अधिकारी विजय लहरे महामंत्री छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी जयंत साहू संभागीय अध्यक्ष आईटीआई रायपुर के निर्देशन में किया गया। चुनाव में दुर्ग जिला अध्यक्ष जुबेल लकड़ा, बालोद जिला अध्यक्ष शेखर साहू, राजनादगांव जिला अध्यक्ष विजय कुमार सिंह, बेमेतरा जिला अध्यक्ष आशा मारकंडे, छुई खदान गंडई खैरागढ़ जिला अध्यक्ष गौकरण, अंबागढ़ चौकी जिला अध्यक्ष शशिकांत, कबीरधाम जिला अध्यक्ष गोल चंद बंजारे एवं दुर्ग संभाग अध्यक्ष चंद्रकांत साहू निर्विरोध चुने गए।

## परिणाम : बेटियों की यह सफलता समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत

# 12वीं बोर्ड में 98.2 प्रतिशत अंक लाने वाली ओमनी समाज की गौरव बनी, किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में जिले की होनहार छात्रा ओमनी वर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर न केवल बेमेतरा बल्कि पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय की छात्रा ओमनी ने कॉमर्स संकाय में 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में दूसरा तथा जिले में पहला स्थान हासिल किया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर सिंघरौर कुर्मी क्षत्रिय समाज द्वारा ओमनी वर्मा का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने इसे पूरे समाज के लिए गर्व का क्षण बताया।

समाज के अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा ने कहा कि ओमनी वर्मा समाज की गौरव हैं और ऐसी प्रतिभाशाली बेटियों का सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि बेटियों की यह सफलता समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है और समाज हमेशा उनके साथ खड़ा रहेगा। सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष दोहई लाल वर्मा ने कहा



कि ओमनी ने न केवल समाज बल्कि पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। आज प्रदेशभर में उनकी सफलता की चर्चा हो रही है। उन्होंने ओमनी को उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। दाऊ चंपेश्वर वर्मा ने भी बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा ही वह शक्ति है जो जीवन के अंधकार को दूर कर उजाले की राह दिखाती है। उन्होंने बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए आश्वासन दिया कि समाज हमेशा प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के साथ खड़ा रहेगा।

उल्लेखनीय है कि ओमनी वर्मा शुरू से ही मेधावी छात्रा रही हैं। उन्होंने 10वीं कक्षा में 82 प्रतिशत तथा 11वीं में 92.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। अब 12वीं में 98.2 प्रतिशत अंक हासिल कर उन्होंने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इस अवसर पर समाज के लच्छन वर्मा, शेखर वर्मा, झाड़ू राम वर्मा, विष्णु वर्मा, प्रीतम वर्मा, धीरज वर्मा एवं समाजसेवक पोषण वर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे और ओमनी को शुभकामनाएं दीं।

## सिंघौरी स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित, शतप्रतिशत रहा परिणाम

**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक एंव पूर्व माध्यमिक शाला का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया।जिसमें विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।कक्षा में प्रथम एंव द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को संस्था की ओर से गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही साथ कक्षा में ज्यादा उपस्थित,अनुशासन, कार्य कौशल एंव नीति वाक्य बोलने वाले बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया। कक्षा 6वी में हिना वर्मा प्रथम, भावना साहू द्वितीय 7वी से ललिता साहू



प्रथम, उपासना साहू द्वितीय पहली से दक्षिता सोनी प्रथम, निखिल देवांगन द्वितीय, 2री से गनेशिया जायसवाल प्रथम,मुस्कान साहू द्वितीय, 4थी से युवराज प्रथम एवं चांदनी द्वितीय स्थान प्राप्त किये।इस कार्यक्रम के दौरान नारद साहू एसएमसी अध्यक्ष, प्रकाश ठाकुर पार्षद, पोषण वर्मा शिक्षाविद, कमल मानिकपुरी, मालती लहरी सहित सरस्वती साहू प्रधान पाठक, शशिकला यादव, धनीराम बंजारे संकुल समन्वयक, देवेंद्र साहू, नुतेश्वर चंद्राकर, प्रशांत बघेल, किरण खरे, पूनम साहू साजन वर्मा उपस्थिति रहे।



## जिले में कक्षा 5वीं और 8वीं के केंद्रीयकृत परीक्षा परिणाम घोषित

**बेमेतरा।** केंद्रीयकृत परीक्षा सत्र 2026 के तहत कक्षा 5वीं एवं 8वीं के परीक्षा परिणाम जिला शिक्षा अधिकारी जी.आर. चतुर्वेदी की उपस्थिति में घोषित किए गए। जिले में दोनों कक्षाओं का परिणाम संतोषजनक रहा।

जारी आंकड़ों के अनुसार, कक्षा 5वीं में कुल 16,478 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया था, जिनमें से 15,828 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। इस प्रकार कुल परीक्षा परिणाम 96.11 प्रतिशत रहा। वहीं कक्षा 8वीं में 16,319 विद्यार्थियों में से 16,082 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जिससे परीक्षा परिणाम 98.57 प्रतिशत दर्ज किया गया। विकासखंडवार प्रदर्शन (कक्षा 5वीं) तौर में बेमेतरा विकासखंड में 4,454 में से 4,388 विद्यार्थी उत्तीर्ण (98.5%), बेरला में 3,503 में से 3,442 (98.25%), साजा में 3,704 में से 3,692 (99.67%) तथा नवागढ़ में 4,658 में से 4,560 विद्यार्थी उत्तीर्ण (97.89%) हुए। कक्षा 8वीं में विकासखंडवार प्रदर्शन में बेमेतरा 4,630 में से 4,434 विद्यार्थी उत्तीर्ण (95.76%), बेरला में 3,689 में से 3,509 (95.12%), साजा में 3,715 में से 3,662 (98.57%) तथा नवागढ़ में 4,444 में से 4,223 विद्यार्थी उत्तीर्ण (95.02%) हुए। इस अवसर पर सहायक संचालक शिक्षा विभाग एस.पी. कोशले, जिला मिशन समन्वयक नकुल प्रसाद पनागर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कामिनी महिलांग (बेमेतरा), जयप्रकाश करमाकर (बेरला), हितेंद्र कुमार बंजारे (नवागढ़), निलेश कुमार चंद्रवंशी (साजा) सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

जिला शिक्षा अधिकारी जी.आर. चतुर्वेदी ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

▪ 5वीं में 96 .11% और 8वीं में 98 .57% परिणाम, साजा विकासखंड रहा अव्वल

## डीईओ चतुर्वेदी ने अधिकारी कर्मचारियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी जी.आर. चतुर्वेदी ने सांख्यिकी अधिकारी सुनील कुमार तिवारी, सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी गीता सोनी तथा सहायक ग्रेड-01 (वरिष्ठ लेखापाल) तुका राम डड़सेना को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के दौरान तीनों सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों को पीपीओ आदेश कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई के हाथों प्रदान कराया गया। कार्यालय के समस्त स्टाफ की



उपस्थिति में उन्हें भावभीनी विदाई देते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना की गई। इस मौके पर जिला शिक्षा कार्यालय में नवपदस्थ डीएमसी नकुल प्रसाद पनागर का भी स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में सहायक संचालक शिक्षा विभाग एस.पी. कोशले, डीएमसी नकुल प्रसाद पनागर, एपीसी खेमराज साहू, सुधीर हरि श्रीवास्तव, निलय कुमार पांडेय, एमआईएस खिरामन वर्मा, दिनेश शर्मा, विजय कुमार पांडेय सहित जिले के चारों विकासखंडों के विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं कार्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहे।

### सामुदायिक संगठकों के लंबित वेतन और नियमितीकरण का उठाया मुद्दा

**भिलाई।** खुर्सीपार लक्ष्मी नारायण नगर के पार्षद और निगम में उपनेता प्रतिपक्ष दया सिंह ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात कर सामुदायिक संगठकों के लंबित वेतन और नियमितीकरण का मुद्दा उठाया।

उन्होंने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अंतर्गत विभिन्न नगर निगमों में कार्यरत सामुदायिक संगठकों की स्थिति को विस्तार से रखते हुए कहा कि पिछले 6 महीनों से वेतन नहीं मिलने के कारण कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो गई है। दया सिंह ने बताया कि इन संगठकों की भर्ती पूरी तरह विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत की गई थी। इसमें लोक विज्ञापन, आरक्षण रोस्टर, मेरिट सूची, मेडिकल परीक्षण और साक्षात्कार जैसे सभी नियमों का पालन किया गया। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 14, 16 और 309 के अनुरूप ही भर्ती प्रक्रिया पूरी हुई थी। उनका कहना था कि संविदा के नाम पर मानदेय शब्द का उपयोग नियमों के विपरीत है।

### महिलाओं को देवी या दासी नहीं बल्कि समान अधिकार चाहिए

**भिलाई।** भाजपा महिला मोर्चा भिलाई द्वारा बुधवार को जिलाध्यक्ष स्वीटी कौशिक महिला आक्रोश सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन के बाद नेताजी सुभाष चंद्र बोस चौक पर विपक्षी दलों के नेताओं का पुतला दहन कर विरोध जताया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री डॉ. अल्का गुर्जर रहीं। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सरोज पाण्डेय ने अध्यक्षता की, वहीं महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। स्वीटी कौशिक ने महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण की आवश्यकता पर जोर देते हुए विपक्ष पर विरोध का आरोप लगाया। मुख्य अतिथि डॉ. अल्का गुर्जर ने कहा कि नए संसद भवन के निर्माण के बाद नारी शक्ति वंदन अधिनियम को देश की आधी आबादी के सम्मान के रूप में प्रस्तुत किया गया।

## एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल में 'योग्यता आधारित मूल्यांकन' पर सीबीएसई का विशेष प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

सीबीएसई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, भुवनेश्वर के सौजन्य से एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल के गर्ल्स ऑडिटोरियम में दो दिवसीय "क्षमता निर्माण कार्यक्रम" का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय 'योग्यता आधारित मूल्यांकन' रहा, जिसमें शिक्षकों को नई शिक्षा प्रणाली के अनुरूप मूल्यांकन की आधुनिक तकनीकों से अवगत कराया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल के शिक्षकों के साथ कोरबा, जांता (बेमेतरा) और कवर्धा से आए लगभग 60 शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रतिभागियों को योग्यता आधारित मूल्यांकन की अवधारणा, उसके महत्व तथा कक्षा-कक्ष में उसके प्रभावी क्रियान्वयन के तरीकों पर विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सीबीएसई के रिसोर्स पर्सन के रूप में कल्पना चौधरी एवं ब्रम्हानन्द पाण्डे ने प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने नवीनतम सीबीएसई दिशा निर्देशों के अनुरूप शिक्षकों को व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक दोनों प्रकार की जानकारी दी। प्रशिक्षण को चार सत्रों में विभाजित किया गया था, जिसमें शिक्षकों को प्रश्न-पत्र निर्माण की प्रक्रिया पर विशेष रूप से प्रशिक्षित किया गया। इसमें उच्च स्तरीय सोच कौशल, अनुप्रयोग





आधारित, केस-आधारित तथा विश्लेषणात्मक प्रश्नों को शामिल करने की विधि समझाई गई। प्रतिभागियों ने स्वयं प्रश्न-पत्र तैयार कर अभ्यास भी किया। कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागियों का आकलन भी किया गया, जिससे उनकी समझ और ज्ञान का मूल्यांकन किया गया। आज के बदलते शैक्षिक परिदृश्य में योग्यता आधारित मूल्यांकन की भूमिका महत्वपूर्ण होती जा रही है। यह प्रणाली छात्रों की केवल जानकारी नहीं, बल्कि उनकी समझ, तार्किक सोच, समस्या समाधान क्षमता एवं व्यावहारिक कौशल को विकसित करने पर केंद्रित है।

विद्यालय में आयोजित फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम को भी विशेष महत्व दिया गया। इसके माध्यम से शिक्षकों को नवीनतम शिक्षण पद्धतियों एवं मूल्यांकन तकनीकों से अवगत कराया जाता है, जिससे वे विद्यार्थियों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान कर सकें। विद्यालय प्राचार्य गिरीश कुमार ने कहा कि शिक्षा प्रणाली निरंतर बदल रही है और शिक्षकों को समय के साथ स्वयं को अपडेट करना आवश्यक है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह प्रशिक्षण शिक्षकों को और अधिक प्रभावी बनाएगा। वहीं विद्यालय संचालिका भावना बोहरा ने कहा कि शिक्षकों के लिए निरंतर प्रशिक्षण उतना ही आवश्यक है जितना विद्यार्थियों के लिए शिक्षा। उन्होंने इसे शिक्षण को अधिक प्रभावी बनाने और विद्यार्थियों के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। इस प्रशिक्षण के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि शिक्षा का उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में कौशल, समझ और आत्मविश्वास विकसित करना भी है।

## गुलाल-पुष्प से हुआ भव्य अभिनंदन, 38 साल की सेवा के बाद सेवानिवृत्त

# कारेसरा स्कूल के व्याख्याता ब्रह्मा शंकर सिंह को भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कारेसरा में पदस्थ वरिष्ठ व्याख्याता ब्रह्मा शंकर सिंह को उनके सेवानिवृत्ति अवसर पर शाला परिवार एवं ग्रामवासियों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। 38 वर्ष 4 माह 13 दिन तक शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवा देने वाले सिंह के सम्मान में आयोजित समारोह में उन्हें गुलाल और पुष्पहार से अभिनंदित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर ब्रह्मा शंकर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मंचासीन रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पटेल किशोर भट्टर ने की। मंच पर विधायक प्रतिनिधि




बलदाऊ पाण्डेय, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष नारद साहू, सरपंच प्रतिनिधि भुवनेश्वर चंद्राकर, उपसरपंच रवि यादव एवं प्राचार्य हेमन मारकंडेय सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे। ग्राम पटेल किशोर भट्टर ने अपने संबोधन में कहा कि "शिक्षक और मां कभी रिटायर नहीं होते। व्याख्याता सिंह ने अपने लंबे कार्यकाल में हजारों विद्यार्थियों का भविष्य संवारा है। उनका योगदान सदैव याद रखा जाएगा। व्याख्याता धर्मेंद्र कुमार दुबे ने अपने उद्बोधन में ब्रह्मा शंकर सिंह के व्यक्तित्व और कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने नाम के अनुरूप सृजन, सुधार और अनुशासन का अद्भुत समन्वय प्रस्तुत किया।

सेवानिवृत्त व्याख्याता ब्रह्मा शंकर सिंह ने अपने भावुक संबोधन में कहा कि "मैं आज स्कूल से विदा ले रहा हूं, लेकिन शिक्षा से नहीं। शिक्षक की कलम रुक सकती है, पर उसके संस्कार और शिक्षा सदैव जीवित रहते हैं।" उन्होंने भारतीय शिक्षा परंपरा का उल्लेख करते हुए नालंदा और तक्षशिला जैसे प्राचीन विश्वविद्यालयों की गौरवशाली विरासत को याद किया और वर्तमान पीढ़ी से भारतीय संस्कृति एवं मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया। समारोह में शाला परिवार के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सिंह के साथ बिताए अनुभव साझा करते हुए उनके अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा को प्रेरणास्त्रोत बताया। विद्यालय की ओर से उन्हें शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर व्याख्याता कमोद ठाकुर, रमेश कुमार वर्मा, डूमान साहू, धर्मेंद्र कुमार दुबे, संजय कुमार वर्मा, मुकेश कुमार वर्मा, पूनम सिंह, नेहा सिंह, वैजयंती पैकरा, श्यामा वैष्णव, मनीषा शर्मा, प्रधान पाठक हृदय राम निर्मलकर, सीएसी बलदाऊ गायकवाड, सत्यपाल सिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता रमेश कुमार वर्मा ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन कमोद ठाकुर ने किया।

